राष्ट्रीय प्रशिक्षण

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम **मछली के परिरक्षण के लिए मछली स्मोकिंग (धूमन) तकनीक** का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. डॉ. एस.पी. तिवारी जी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ए.पी. सिंह, अधिष्ठाता, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय तथा कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. माधुरी शर्मा व समन्वयक डॉ. प्रीति मिश्रा रहीं। इस कार्यक्रम में डॉ. माधुरी शर्मा द्वारा मछली परिरक्षण की विभिन्न तकनीक पर व्याख्यान दिया। श्री शिवमोहन सिंह ने मछली परिरक्षण की विभिन्न तकनीक का प्रायोगिक एवं स्मोकहॉउस के प्रकार, पैकजिंग और भण्डारण विषय पर व्याख्यान दिया। श्री अनिल केवट द्वारा मछली की स्मोकिंग (धूमन) की विधियॉ एवं उनकी प्रक्रिया पर व्याख्यान दिया इसी विषय पर डॉ. प्रीति मिश्रा द्वारा प्रायोगिक जानकारी मत्स्य पालकों को दी गई। कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. माधुरी शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के 35 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया। प्रतिभागियों में किसान, छात्र एवं उद्यमी शामिल थे। इस कार्यक्रम को नेशनल फिशरी डेवलपमेंट बोर्ड प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत वित्त पोषित किया गया।

इस कार्यक्रम में किसान भाइयों ने अपनी समस्याऐं बताई एवं जिसका समाधान वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ एवं सहायक स्टाफ का सहयोग रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर